**मुवानी(पिथौरागढ़)/बनबसा/चंपावत।** राजकीय महाविद्यालय मुवानी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत उद्यमिता प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को स्टार्टअप सीड फंड के लिए पंजीकरण कराया गया। विद्यार्थियों को स्टार्टअप आइडिया चयन होने पर स्टार्टअप सीड फंड अवार्ड के माध्यम से 75,000 रुपये की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना है।

नोडल अधिकारी राजकमल किशोर ने कहा कि प्रशिक्षकों को नये बिजनेस आइडिया सोचने पर प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. संजीव कुमार ने प्रशिक्षकों को उद्यमिता के महत्व और मार्केट के हिसाब से बिजनेस, स्टार्टअप पर जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. गिरीश चंद्र पंत ने उद्यमिता का व्यावहारिक, सैद्धांतिक ज्ञान पर जानकारी दी। इस दौरान डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. नीमा जोशी, भावना, धर्मेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंशुल कुमार, नवलजीत आदि मौजूद रहे।

वहीं, बनबसा राजकीय महाविद्यालय में भी उद्यमिता विकास प्रशिक्षण शुरू हो गया है। मुख्य अतिथि परियोजना अधिकारी अवनीश कुमार और प्रशिक्षक आशीष शुक्ला ने विद्यार्थियों को देवभूमि उद्यमिता योजना की उपयोगिता और लाभ के संबंध में गहन जानकारियां दी। कहा कि युवा प्रशिक्षण का लाभ उठा स्वरोजगार अपना आत्मनिर्भर हो सकेंगे।

इधर, डिग्री कॉलेज अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत उद्यमिता प्रशिक्षण जारी है। बृहस्पतिवार को सरस्वती बोहरा ने युवाओं को अचार, जैम बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। वहीं पंकज तिवारी ने आइडिया क्रिएशन की विधियों के सृजन और अंतिम रूप देने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डीयूवाई केंद्र के समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. संजय कुमार आदि थे।


# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# राजकीय पी0जी0 कॉलेज कोटद्वार में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**



**कोटद्वार।** डॉ० पी०द०ब०हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आज उत्तराखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी "देवभूमि उद्यमिता योजना" के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात द्वारा संचालित 12 दिवसीय "उद्यमिता विकास कार्यक्रम" का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० एस० नेगी, देवभूमि उद्यमिता योजना के जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी श्री सर्वेंद्र रावत तथा महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० एस० नेगी ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए अपने उद्यमिता एवं स्टार्टअप आईडियाज को धरातल पर उतारने का एक उपयुक्त प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में बेरोजगारी एवं राज्य से हो रहे पलायन को रोकने में देवभूमि उद्यमिता योजना मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम की शुरूआत में देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य आगंतुकों का स्वागत किया। डॉ० गुप्ता ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उद्यमिता की अवधारणा, महत्व, उद्यमी बनने के आकर्षण, उद्यमी के गुण, नए उद्यमों के लिए नवाचार की महत्ता ,स्टार्टअप स्थापना, विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, बाजार सर्वेक्षण, उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण, कौशल आधारित प्रशिक्षण, औद्योगिक विजिट, सफल उद्यमियों से परिचर्चा, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रोडक्ट क्वालिटी, डिजाइनिंग ,पैकेजिंग, मानव संसाधन प्रबंध , उद्यम आधार जनरेट करना , प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना तथा प्रतिभागियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी श्री सर्वेंद्र रावत द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य , देवभूमि उद्यमिता योजना, उच्च शिक्षा विभाग और उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वाणिज्य विभाग प्रभारी प्रोफेसर प्रीति रानी ने अपने वक्तव्य में उद्यमिता के वास्तविक अर्थ तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना के लाभ तथा किस तरह से हम इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम के दूसरे दिन बांस द्वारा हस्तशिल्प उत्पाद बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

बुलन्द वाणी संजय राजपूत



कोटद्वार। डॉ पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में आज दिनांक 19 मार्च 2025 को उद्यमिता विकास कार्यक्रम में दूसरे दिन का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एस के गुप्ता द्वारा आज के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए रिसोर्स पर्सन श्रीमती रश्मि सिंह का परिचय तथा स्वागत किया गया। प्रथम एवं द्वितीय सत्र में रिसोर्स पर्सन श्रीमती रश्मि सिंह ने कौशल आधारित प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इस तरह के उत्पादन न केवल इको फ्रेंडली है, साथ ही ऐसे उत्पादों की बाजार मांग भी दिन- प्रतिदिन बढ़ रही है। तृतीय एवं चतुर्थ सेशन में श्रीमती रश्मि सिंह ने बांस द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया, जिसमें लैंप, टोकरी, गिफ्ट, फैब्रिक ज्वेलरी, ट्रे, हेयर पिन, बांस से निर्मित मंदिर, स्पून स्टैंड आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिमा अग्रवाल, साक्षी चौहान, प्रेरणा रौथाण, राधिका बंसल, आंचल सुंदरियाल, शिवांगी रावत, अंकिता, अपेक्षा जुगरान, प्रगति, श्वेता, मोनिका और अंशुलेष रावत द्वारा बांस से आकर्षक ज्वेलरी बनाई गई। कार्यक्रम में कुमारी संतोष, अर्पित सिंह, प्रियांशु नेगी, निकिता, हिमांशु नेगी और अक्षत नेगी ने बांस द्वारा लैंप बनाये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तनीषा ठाकुर, अशिमा धस्माना, प्रिया डबराल, आकृति रावत ने बैम्बो ट्रे बनाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी एस नेगी ने छात्र-छात्राओं द्वारा बांस से बनाए गए उक्त उत्पादों का अवलोकन करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सभी वस्तुएं पर्यावरण अनुकूल उत्पाद है, जो प्लास्टिक की जगह प्राकृतिक सामग्रियों से निर्मित है। कार्यक्रम के अंत में डॉ एस के गुप्ता ने कहा कि उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में, विशेष कर कोटद्वार के आसपास के क्षेत्र में बांस प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, क्षेत्रीय युवाओं द्वारा कच्चे माल के रूप में बांस का प्रयोग करके हस्तशिल्प उत्पाद बनाकर आर्थिकोपार्जन का साधन बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ सरिता चौहान द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर डी एस नेगी एवं रिसोर्स पर्सन श्रीमती रश्मि सिंह का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रियंका अग्रवाल, डॉ मीनाक्षी वर्मा एवं उद्यमिता योजना के दैनिक कोऑर्डिनेटर श्री मनीष राणा तथा देवभूमि उद्यमिता टीम के छात्र सदस्यों उदव नैथानी, देवाशीष, प्रियांशु नेगी, मोहम्मद मुदस्सिर आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)



शहर 30s

राजकीय महाविद्यालय मुवानी में बुधवार को 12 दिवसीय उद्यामिता विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

## 'नवाचार के लिए युवा आएं आगे'

थल। राजकीय महाविद्यालय मुवानी में 12 दिवसीय उद्यामिता विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। बुधवार को प्राचार्य डॉ.गिरीश चंद्र पंत ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्तमान युग नवाचार का है। युवाओं को नवाचार के लिए आगे आना चाहिए। मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, बागवानी, फल संरक्षण सहित अन्य उद्यमों को स्थापित करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान नोडल अधिकारी राजकमल किशोर, मनमोहन बोरा,डॉ.संजीव कुमार,डॉ.सुधीर कुमार,डॉ.रुपेश कुमार सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# स्याल्दे में उद्यमिता कार्यशाला शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

स्याल्दे (अल्मोड़ा)। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार व उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद की ओर से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला आरंभ हो गई है।

इसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आभा अग्रवाल, नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला लोहनी और कार्यक्रम समन्वयक तारा सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम समन्वयक तारा सिंह ने योजना की विशेषताएं तथा उद्यमिता विकास योजना के विषय में जानकारी दी।

स्थानीय उत्पादों, होमस्टे, फूड प्रोसेसिंग आदि को स्वरोजगार के लिए अच्छा माध्यम बताया। नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला लोहनी ने कहा कि स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं के आधार पर उद्यम का चयन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, ममता गौड़, डॉ. मोनू आदि ने प्रतिभाग किया।

## समझाईं विशेषताएं

सोमेश्वर (अल्मोड़ा)। हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्राचार्य प्रो. एके जोशी ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पूर्व से पंजीकृत 45 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। देवभूमि उद्यमिता केंद्र सोमेश्वर के नोडल डॉ. विवेक कुमार आर्या ने पहले दिन प्रतिभागियों को उद्यमिता की अवधारणा, विशेषताएं, उद्यमी के लक्षण, प्रकार एवं उद्यमी बनने के बारे में जानकारी दी। पर्यवेक्षक सूरज पंत ने 12 दिनी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# उद्यमिता विकास योजना की कार्यशाला शुरू

**भिकियासैंण।** शिक्षा विभाग व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के तत्वावधान में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास योजना की कार्यशाला शुरू हो गई। जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आभा अग्रवाल, नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला लोहनी व कार्यक्रम समन्वयक तारा सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ. आभा ने कार्यक्रम को महाविद्यालय के लिए बहुत उपयोगी बताया। समन्वयक तारा सिंह ने योजना की विशेषताएं तथा उद्यमिता विकास योजना के विषय से अवगत कराया। नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला ने प्रतिभागियों को स्थानीय स्तर की आवश्यकताओं के आधार पर उद्यम का चयन करने, स्टार्टअप शुरू करने की जानकारी दी। इस दौरान डा. स्वेता सिंह, डा. कुलदीप सिंह, ममता गौड़, डा. मोनू वाला आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# नैनीताल में 18-29 मार्च तक आयोजित होगा देवभूमि उद्यमिता विकास कार्यक्रम

## डीएसबी परिसर में उद्यमिता पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिए मार्गदर्शन

न्यूज प्रिन्ट संवाददाता

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर में देवभूमि उद्यमिता योजना केंद्र ,वाणिज्य विभाग में उद्यमिता विकास कार्यक्रम 18 मार्च से 29 मार्च 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। आज कार्यक्रम के प्रथम दिन कार्यक्रम दिन का उदघाटन प्रो.रजनीश पांडे प्रभारी निदेशक डी एस बी परिसर नैनीताल एवं संकायाध्यक्ष कला संकाय द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो.रजनीश पांडे ने कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए आयोजक एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा उद्यमिता के विषय में विभाग प्रकाश डाला। वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो अतुल जोशी ने कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में संबोधित करते हुए उद्यमिता विषय पर अपने विचार रखते हुए विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ललित तिवारी विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। कार्यकम के समन्वयक डॉ.विजय कुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा सभी प्राध्यापकों का स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना का परिचय देते हुए कहा कि यह योजना उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार तथा उद्यमिता विकास




संस्थान अहमदाबाद के आपसी सहयोग से चलाई जा रही है , जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा सहयोग करना है। प्रथम दिन में पंकज पांडे वर्ष 2024 के उत्तराखंड उद्यमिता सीड फंड विजेता ने अपने अनुभव को प्रतिभागियों के साथ साझा किया तथा बताया कि किस तरह से सीड फंड प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम प्रो.रजनीश पांडे, प्रो.अतुल जोशी,प्रो.ललित तिवारी, अभिषेक नंदन, डॉ.आरती पंत, डॉ विजय कुमार, डॉ.ममता जोशी, डॉ.निधि वर्मा, डॉ.विनोद जोशी, डॉ. जीवन उपाध्याय, डॉ.हिमानी जलाल, डॉ.अंकिता आर्या डॉ.पूजा जोशी, डॉ.तेज प्रकाश, डॉ.रितीश शर्मा, डॉ.गौतम रावत, पंकज भट्ट, सुबिया नाज, दीक्षा पंत, चंदन ज़लाल, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम पालीवाल, विशन चंद्र तथा राधा देवी उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाजार सर्वेक्षण के गुणों को सिखाया




**आज समाचार सेवा**

**नैनीताल।** देवभूमि उद्यमिता योजना के अर्न्तगत आयोजित देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम में बुधवार को दूसरें दिन की कार्यशाला सुबह 10.30 बजे से डीएसबी परिसर के सीएलटी कक्ष में प्रारम्भ हुयी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय कुमार समन्वयक देवभूमि उद्यमिता केन्द्र वाणिज्य विभाग डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा करते हुए मुख्य वक्ता डॉ.भूपेन्द्र मेहरा तथा उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के देवभूमि उद्यमिता योजना के परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन का स्वागत एवं अभिनन्दन किया तथा इस योजना के विषय में विस्तार से समझाया। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन के मुख्य वक्ता डॉ. भूपेन्द्र मेहरा देवभूमि उद्यमिता योजना के इण्डस्ट्री मेन्टॉर रहें। डॉ. मेहरा का 15 से अधिक वर्षो से उद्यमिता विकास एव निर्माण का अनुभव है।

व्याख्यान में डॉ. मेहरा ने प्रतिभागियों को बाजार सर्वेक्षण के गुणों को सिखाया तथा उन्होंने बताया कि अपने उत्पाद को बाजार में लाने से पूर्व कैसे बाजार सर्वेक्षण करना चाहिए उनकी तकनीकों पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होने स्थानीय बाजारों में विपणन की तकनीकों को भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में परियोजना अधिकारी अभिषेक नंदन ने प्रतिभागियों के देवभूमि उद्यमिता योजना में पंजीकरण की प्रकियां को पूर्ण करते हुए अपने व्याख्यान में उद्यमिता के विभिन्न पहलूओं को समझाया। कार्यक्रम में डॉ. भूपेन्द्र मेहरा, अभिषेक नंदन तथा कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. विजय कुमार के साथ-साथ कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहें प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# उद्यमी बनने के बारे में जानकारी दी

सोमेश्वर। हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ हुआ। उद्यमिता की अवधारणा, विशेषताओं, उद्यमी के लक्षण, प्रकार व उद्यमी बनने के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. ऐके जोशी, देवभूमि उद्यमिता केंद्र नोडल डॉ. विवेक कुमार आर्या, पर्यवेक्षक सूरज पंत आदि रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

## समझाईं विशेषताएं

सोमेश्वर (अल्मोड़ा)। हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्राचार्य प्रो. एके जोशी ने इसका उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पूर्व से पंजीकृत 45 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। देवभूमि उद्यमिता केंद्र सोमेश्वर के नोडल डॉ. विवेक कुमार आर्या ने पहले दिन प्रतिभागियों को उद्यमिता की अवधारणा, विशेषताएं, उद्यमी के लक्षण, प्रकार एवं उद्यमी बनने के बारे में जानकारी दी। पर्यवेक्षक सूरज पंत ने 12 दिनी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

## मुवानी में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

मुवानी (पिथौरागढ़)। डिग्री कॉलेज मुवानी में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हो गया है। नोडल अधिकारी राजकमल किशोर ने बताया कि प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संवाद

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

अमर उजाला 20 मार्च 2025

# स्थानीय उत्पादों के जरिये बन सकते हैं सफल उद्यमी

संवाद न्यूज एजेंसी

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।** यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय उद्यमिता केंद्र अहमदाबाद और उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड की ओर से 12 दिनी देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम का आगाज हो गया है। इसमें प्राध्यापकों ने स्वरोजगार के साधनों पर विस्तृत चर्चा कर कहा कि स्थानीय उत्पादों में रोजगार का स्वर्णिम भविष्य है।

प्राचार्य प्रो. डीसी पंत ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ ही उद्यमिता के अवसर पैदा करें। उद्यमिता कार्यक्रम समन्वयक गीता बिष्ट ने कहा कि अब स्थानीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पसंद किए जा रहे हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नाजिश खान ने शिक्षा और नवाचार में उद्यमी होने के लाभ बताए। डॉ. अंचलेश कुमार ने ''समाज में व्यवसाय की समृद्धि'' विषयक व्याख्यान दिया। नोडल अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद्र ने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए उद्यमियों के योगदान को समझाया। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने स्थानीय उत्पादों की बाजारों में बढ़ती मांग पर अपनी बात रखी।

डॉ. भावना पंत ने महिलाओं के लिए उपयुक्त रोजगार के साधनों पर प्रकाश डाला। डॉ. विपिन सुयाल ने पहाड़ी बिच्छु घास से बनने वाली चटनी, खाद्य पदार्थों एवं वस्त्र निर्माण पर चर्चा की।

अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डीसी पंत और संचालन डॉ. हेम चंद्र दूबे ने किया। इस मौके पर डॉ. उपासना शर्मा, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. पूनम पंत, डॉ. अंजुम अली, डॉ. निर्दोषिता, डॉ. अंजली समेत प्रतिभागी छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# देवभूमि उद्यमिता योजना की जानकारी दी

संवाद न्यूज एजेंसी

कोटद्वार। पीजी कॉलेज, कोटद्वार में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद की ओर से संचालित 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हो गया है।

पहले दिन छात्र-छात्राओं को योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उद्घाटन प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं देते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना की सार्थकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए अपने उद्यमिता एवं स्टार्टअप आइडियाज को धरातल पर उतारने का एक उपयुक्त प्लेटफॉर्म है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में बेरोजगारी एवं राज्य से हो रहे पलायन को रोकने में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी।

देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. एसके गुप्ता ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने उद्यमिता की अवधारणा,




उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी। संवाद

## पीजी कॉलेज कोटद्वार में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

उद्यमी के गुण, नए उद्यमों के लिए नवाचार की महत्ता, स्टार्टअप स्थापना, विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, बाजार सर्वेक्षण, उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण, कौशल आधारित प्रशिक्षण, औद्योगिक विजिट, सफल उद्यमियों से परिचर्चा, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रोडक्ट क्वालिटी, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन प्रबंध, उद्यम आधार जनरेट करना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना आदि के बारे में बताया।

उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यम

दिया। इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी सर्वेंद्र रावत ने कार्यक्रम के उद्देश्य, देवभूमि उद्यमिता योजना, उच्च शिक्षा विभाग और उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के बारे में विस्तार से समझाया।

वाणिज्य विभाग प्रभारी प्रोफेसर प्रीति रानी ने उद्यमिता के वास्तविक अर्थ आदि के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. अभिषेक गोयल, प्रो. आरएस चौहान, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ सुनीता नेगी, डॉ. विनोद सिंह, डॉ. सरिता चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

भूगोल विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न भौगोलिक मानचित्र तैयार गणित विभाग द्वारा भाषण जारी रखने का संकल्प लिया।

# राजकीय पी०जी० कॉलेज कोटद्वार में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**बुलन्द वाणी संजय राजपूत**



कोटद्वार। डॉ० पी०द०ब०हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आज उत्तराखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात द्वारा संचालित 12 दिवसीय "उद्यमिता विकास कार्यक्रम" का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डी० एस० नेगी, देवभूमि उद्यमिता योजना के जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी श्री सर्वेंद्र रावत तथा महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डी० एस० नेगी ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए अपने उद्यमिता एवं स्टार्टअप आईडियाज को धरातल पर उतारने का एक उपयुक्त प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में बेरोजगारी एवं राज्य से हो रहे पलायन को रोकने में देवभूमि उद्यमिता योजना मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम की शुरूआत में देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ० एस० के० गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य आगंतुकों का स्वागत किया। डॉ० गुप्ता ने 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में उद्यमिता की अवधारणा, महत्व, उद्यमी बनने के आकर्षण, उद्यमी के गुण, नए उद्यमों के लिए नवाचार की महत्ता, स्टार्टअप स्थापना, विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, बाजार सर्वेक्षण, उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण, कौशल आधारित प्रशिक्षण, औद्योगिक विजिट, सफल उद्यमियों से परिचर्चा, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रोडक्ट क्वालिटी, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन प्रबंध, उद्यम आधार जनरेट करना, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना तथा प्रतिभागियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर देवभूमि उद्यमिता योजना के जिला समन्वयक एवं परियोजना अधिकारी श्री सर्वेंद्र रावत द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य, देवभूमि उद्यमिता योजना, उच्च शिक्षा विभाग और उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए वाणिज्य विभाग प्रभारी प्रोफेसर प्रीति रानी ने अपने वक्तव्य में उद्यमिता के वास्तविक अर्थ तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना के लाभ तथा किस तरह से हम इस योजना का लाभ उठा सकते हैं, के बारे में विस्तार से समझाया। तत्पश्चात रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी श्री अभिषेक गोयल द्वारा प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आवाह्न किया कि वह जो भी कार्य करें पूरे मनोयोग एवं जज्बे के साथ करें, उसमें सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में बी०ए० 6ई सेमेस्टर के छात्र आदित्य भंडारी ने बताया कि उन्होंने देवभूमि उद्यमिता योजना से किस प्रकार अपना सफर शुरू किया तथा इस योजना के माध्यम से कैसे अपने आइडिया को धरातल पर लाये। कार्यक्रम में छात्र कुलदीप सिंह ने पीपीटी के माध्यम से डेस्टिनेशन वेडिंग से संबंधित अपना स्टार्टअप आइडिया प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ० प्रियंका अग्रवाल तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनीता नेगी द्वारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आर एस चौहान, डॉ अभिषेक गोयल, डॉ प्रवीण जोशी, डॉ विनोद सिंह, डॉ सरिता चौहान, डॉ अंशिका बंसल, डॉ मुकेश रावत आदि प्राध्यापक गण एवं कार्यक्रम समन्वयक श्री मनीष राणा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। देवभूमि उद्यमिता केंद्र की टीम के छात्र सदस्यों उदय नैथानी, मोहम्मद मुदस्सिर, प्रियांशु नेगी, ध्रुव कुकरेती, राधिका बंसल, महिमा अग्रवाल आदि छात्र-छात्राओं ने व्यवस्था बनाने एवं अन्य कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

u want to purchase

www.jagran.com

# पहाड़ों से पलायन रोकने को स्वरोजगार अपनाएं युवा

संवाद सहयोगी, जागरण, कोटद्वार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 12दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पहाड़ में हो रहे पलायन को रोकने के लिए स्वरोजगार अपनाने की अपील की।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा.डीएस नेगी, जिला समन्वयक व परियोजना अधिकारी सर्वेंद्र रावत, नोडल अधिकारी डा.एसके गुप्ता ने किया। कहा कि यह योजना प्रत्येक छात्र-छात्रा के लिए अपने उद्यमिता व स्टार्टअप आइडियाज को धरातल पर उतारने का एक उपयुक्त प्लेटफार्म है। प्रदेश में बेरोजगारी से हो रहा पलायन चिंता का विषय है। पलायन को रोकने व पहाड़ के बेहतर विकास के लिए युवाओं को स्वरोजगार अपनाना चाहिए। कार्यशाला में उद्यमिता की अवधारणा, महत्व, उद्यमी बनने के आकर्षण, उद्यमी के गुण, नए उद्यमों के लिए नवाचार की महत्ता, स्टार्टअप स्थापना, विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, व्यावसायिक अवसरों की पहचान, बाजार सर्वेक्षण, उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण, कौशल आधारित प्रशिक्षण, औद्योगिक विजिट, सफल उद्यमियों से परिचर्चा, मार्केटिंग, ब्रांडिंग, प्रोडक्ट क्वालिटी, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन प्रबंध, उद्यम आधार जनरेट करना व प्रतिभागों को उद्यम रजिस्ट्रेशन करवाने का प्रशिक्षण दिया गया।

वाणिज्य विभाग प्रभारी प्रोफेसर प्रीति रानी ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डा.अभिषेक गोयल, कुलदीप सिंह, डा.प्रियंका अग्रवाल, डा.सुनीता नेगी, डा.आरएस चौहान, डा.अभिषेक गोयल, डा.प्रवीण जोशी, डा.विनोद सिंह, डा.सरिता चौहान मौजूद थे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)



राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में विषेशज्ञों से उद्यमिता के गुर सीखते छात्राएं।

## उद्यम के लिए धन के साथ अनुशासन व फोकस जरूरी

**टनकपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रशिक्षण जारी है। मंगलवार को प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में पीएनजी ग्रुप आफ ट्रस्ट, खटीमा के सीईओ अमर चन्द राजपूत ने विशेष व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। उन्होंने नए व्यवसाय की शुरुआत के लिए आवश्यक बारीकियों पर प्रकाश डाला साथ ही मार्केट के गुणों की जानकारी दी। कहा कि किसी भी काम की शुरुआत के लिए केवल धन की ही नहीं, बल्कि अनुशासन, चरित्र, स्मार्ट वर्क, और फोकस भी जरूरी है। उन्होंने छात्रों में उद्यमिता और स्टार्टअप व्यवसाय के प्रति नई सोच तथा ऊर्जा का संचार किया। प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेते हुए प्रतिभागी आशा और देवेन्द्र सिंह नेगी ने सकारात्मक फीडबैक दिया। द्वितीय सत्र में सूखीढांग के मौन पालन उद्यमी हरीश चन्द्र जोशी ने शहद के विभिन्न प्रकार के व्यवसाय के बारे में बताया। डॉ. अर्चना वर्मा ने रिर्सोस पर्सन को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। आयोजन में डीयूवाई केन्द्र के समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता के साथ डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, पुष्पा, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत ने सहयोग प्रदान किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के बारे में बताया



**टनकपुर**। राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना (ईडीपी) के 8वें दिन प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें पीएनजी ग्रुप ऑफ ट्रस्ट खटीमा के सीईओ अमर चन्द राजपूत ने व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया।

राजपूत ने प्रतिभागियों को बताया कि किसी भी काम की शुरुआत के लिए केवल धन की नहीं, बल्कि चार महत्वपूर्ण फैक्टर्स की आवश्यकता होती है। उन्होंने डीसीएसडब्ल्यूएफ फॉर्मूला साझा किया, जिसमें अनुशासन, चरित्र, स्मार्ट वर्क, और फोकस शामिल हैं। प्रतिभागियों में आशा और देवेन्द्र सिंह नेगी ने सकारात्मक फीडबैक दिया। द्वितीय सत्र में श्यामलाताल से मधुमक्खी पालन उद्योग के उद्यमी हरीश चन्द्र जोशी ने शहद के विभिन्न प्रकार के व्यवसाय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डा. अर्चना वर्मा वरिष्ठ आचार्य ने दोनों रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, पुष्पा, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, संजय गंगवार, हरीश जोशी, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत आदि मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)



राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में विषेशज्ञों से उद्यमिता के गुर सीखते छात्राएं।

## उद्यम के लिए धन के साथ अनुशासन व फोकस जरूरी

**टनकपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रशिक्षण जारी है। मंगलवार को प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में पीएनजी ग्रुप आफ ट्रस्ट, खटीमा के सीईओ अमर चन्द राजपूत ने विशेष व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। उन्होंने नए व्यवसाय की शुरुआत के लिए आवश्यक बारीकियों पर प्रकाश डाला साथ ही मार्केट के गुणों की जानकारी दी। कहा कि किसी भी काम की शुरुआत के लिए केवल धन की ही नहीं, बल्कि अनुशासन, चरित्र, स्मार्ट वर्क, और फोकस भी जरूरी है। उन्होंने छात्रों में उद्यमिता और स्टार्टअप व्यवसाय के प्रति नई सोच तथा ऊर्जा का संचार किया। प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेते हुए प्रतिभागी आशा और देवेन्द्र सिंह नेगी ने सकारात्मक फीडबैक दिया। द्वितीय सत्र में सूखीढांग के मौन पालन उद्यमी हरीश चन्द्र जोशी ने शहद के विभिन्न प्रकार के व्यवसाय के बारे में बताया। डॉ. अर्चना वर्मा ने रिर्सोस पर्सन को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। आयोजन में डीयूवाई केन्द्र के समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता के साथ डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, पुष्पा, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, संजय कुमार गंगवार, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत ने सहयोग प्रदान किया।


# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत डिग्री कॉलेज कोटाबाग में आयोजित हुई लाइब्रेरी वर्कशॉप






**आज समाचार सेवा**

**कालाढूंगी।** राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में उच्च शिक्षा विभाग तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के द्वारा चलाई जा रही देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम तथा प्फाब, करियर काउंसलिंग एवं राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में लाइब्रेरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ0 बिंदिया राही एवं डॉ0 भावना जोशी ने मंच का संचालन किया। साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें ई डी आई आई देहरादून से आए कॉर्डिनेटर सुमित कुमार मिश्रा द्वारा कई जानकारियां दी गई। लाइब्रेरी वर्कशॉप में मुख्य वक्ता शुभम बधानी ने चिल्ड्रन लाइब्रेरी एवं पब्लिक लाइब्रेरीज को लेकर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि लाइब्रेरीज के क्षेत्र में किस प्रकार से उद्यमिता को शुरू किया जासकता है। डॉ अंजली पुनेरा ने महिला सशक्तिकरण के लिए अपने विचार व्यक्त किए। डॉ सत्यनन्दन भगत ने सेमिनार में अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने हृदय से महिलाओं के सम्मान को आत्मसात करना होगा, तभी हम उनके लिए अच्छा कर सकते है तथा उन्हें और सशक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है। नोडल अधिकारी डॉ0 बिंदिया राही ने बताया कि उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत इससे पूर्व भी विभिन्न विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जा चुका है। सेमिनार के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में से, महिला सशक्तिकरण पोस्टर प्रतियोगिता में प्रगति गुर्रानी बी ए चतुर्थ सेमेस्टर प्रथम स्थान, प्रियंका जीना एम ए तृतीय सेमेस्टर द्वितीय तथा दीपा गार्जोला बी ए चतुर्थ सेमेस्टर तृतीय स्थान पर रहीं। इनके अलावा महाविद्यालय की अनेक प्रतिभाशाली छात्राओं को जिसमें जूडो खिलाड़ी बीना एवं चंदा के साथ साथ गुंजन पाण्डेय और अन्य को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी शामिल रहे। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रतिभागिता रही।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

## कोटाबाग महाविद्यालय के डिग्री कालेज में हुई लाइब्रेरी वर्कशाप




कोटाबाग में सोमवार को पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी ● जागरण

**संस, जागरण ● कोटाबाग:** महाविद्यालय कोटाबाग में उच्च शिक्षा विभाग तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान की ओर से चलाई जा रही देवभूमि उद्यमिता कार्यक्रम तथा करियर काउंसलिंग एवं राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में लाइब्रेरी वर्कशाप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डा. बिंदिया राही एवं डा. भावना जोशी ने मंच का संचालन किया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसमें ईडीआई आई देहरादून से आए कार्डिनेट सुमित कुमार मिश्रा ने कई जानकारियां दी। लाइब्रेरी वर्कशाप में मुख्य वक्ता शुभम बधानी ने चिल्ड्रन लाइब्रेरी एवं पब्लिक लाइब्रेरीज को लेकर विस्तार से जानकारी दी। डा. सत्यनन्दन भगत ने सेमिनार में अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने हृदय से महिलाओं के सम्मान को आत्मसात करना होगा, तभी हम उनके लिए अच्छा कर सकते है। नोडल अधिकारी डा. बिंदिया राही ने बताया कि उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत इससे पूर्व भी विभिन्न विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया जा चुका है। सेमिनार के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में महिला सशक्तिकरण पोस्टर प्रतियोगिता में प्रगति गुर्रानी, प्रियंका जीना द्वितीय तथा दीपा गार्जोला तृतीय स्थान पर रहीं। प्राचार्य ने सभी को पुरस्कृत किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

## अमोड़ी कॉलेज में मौन पालन की जानकारी दी

चम्पावत। अमोड़ी डिग्री कॉलेज में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत प्रशिक्षण जारी है। सोमवार को मुख्य वक्ता श्यामलाताल के मधुमक्खी पालक हरीश जोशी ने उद्यम के गुर सिखाए। मधुमक्खी पालन की प्रक्रिया, शहद के प्रकार और उद्यम से होने वाले लाभ की जानकारी दी। कहा कि शहद का प्रयोग आयुर्वेदिक चिकित्सा, खाद्य पदार्थों और सौंदर्य प्रसाधन में किया जाता है। प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित ने प्रशिक्षण को स्वरोजगार के लिए बेहतर अवसर बताया। यहां डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. अतुल मिश्र, संजय गंगवार, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत रहे।

अब और भी

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

पुतला दहन कर दिया था। पुलिस ने बलराज को जमानत

# मुनस्यारी कालेज के युवाओं को उद्योग स्थापना व मार्केटिंग का मिलेगा प्रशिक्षण

संवाद सहयोगी, जागरण • पिथौरागढ़: डा. आरएस टोलिया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण मंगलवार को शुरू हुआ। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ युवाओं को उद्योग स्थापना और मार्केटिंग का प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

डा. राहुल पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्यमिता विकास प्रभारी चंद्र प्रकाश आर्य ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। डा. उदय भान ने उद्यम और उद्यमिता को समाज से जोड़ते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। देवभूमि उद्यमिता योजना के जिला समन्वयक मनमोहन बोरा ने 12 दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रतिभागियों को उद्यम की पहचान करने, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधन, उद्यम स्थापना के लिए जरूरी संसाधन, बैंक ऋण योजना, उत्पादन और वितरण का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक नवीन चौहान ने प्रतिभागियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए संचालित ऋण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हितेश जोशी ने प्रतिभागियों को संसाधनों के उचित उपयोग से उद्यमिता के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन उद्यमों की पहचान के बारे में प्रशिक्षण दिया। शुभारंभ अवसर पर दुर्गेश कुमार शुक्ला, अमित कुमार टम्टा, निधि मारौठिया, डा. उदय भान, डा. रितु, डा. रीता आर्या, डा. राजेंद्र राणा,. डा. शैलेश भंडारी, डा. अशोक मौर्य, स्थानीय युवा और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

किफायती दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील की। मुख्य चिकित्सा

इस योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

जिला समन्वयक राजेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि उद्यमिता विकास का यह प्रशिक्षण निरंतर

समारोह में केन्द्रीय विद्यालय ग्वालदम के प्रधानाचार्य अजय घिल्डियाल,पीटीए अध्यक्ष

छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित र

**कार्यशाला** देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत चल रही बारह दिवसीय उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन

## सेवा और सम्मान की संस्कृति से फलती फूलती है उद्यमशीलता:जोशी

अमर हिन्दुस्तान

**जोशीमठ।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जोशीमठ में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत चल रही बारह दिवसीय उद्यमिता कार्यशाला मेंखंड विकास अधिकारी ज्योतिर्मठ श्री मोहन प्रसाद जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि अपना व्याख्यान दिया और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध स्वरोजगार के अवसरों पर एक अधिकारी के रूप में व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर प्रकाश डालकर युवाओं को प्रेरित किया ।

जोशी ने कहा कि वर्तमान समय स्वस्थ प्रतिद्वंदिता का समय है और प्रगति की इस दौड़ में उद्यमशीलता भी एक युद्ध है जो बड़े सपनों, कुशल रणनीति, जोखिम लेने की क्षमता और अपने से बड़ों के प्रति आदरभाव



और अनुपालन की भावना से जीता जाता है। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उद्यमी पुष्कर सिंह राणा ने प्रशिक्षुओं को हिमालयी भोजपत्र पर हस्त लेखन कला , कैलीग्राफी, के द्वारा स्वरोजगार करने की महत्वपूर्ण जानकारी दी । उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माणा यात्रा के दौरान उद्यमशीलता को लेकर प्रदर्शित उनकी दूरदर्शी सोच ने उन्हें प्रेरित किया है।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए युवा छात्र छात्राओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार और उद्यम के अवसरों का लाभ उठाने की अपील की ।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में उच्च शिक्षा में अध्यन्नरत युवा उद्यममशीलता के क्षेत्र में भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

**डॉ. चरणसिंह केदारखंडी के संचालन में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी डॉ. नंदन सिंह रावत, डॉ. जी. के. सेमवाल, डॉ. रणजीत सिंह मर्तोलिया, डॉ. पवन कुमार, डॉ. शैलेन्द्र सिंह रावत, डॉ. राजेंद्र सिंह राणा, डॉ. नवीन कोहली, डॉ. राहुल तिवारी, डॉ. किशोरी लाल आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे।**

**ओलंपिक पदक विजेता ललि उपाध्याय अपने घर ले आ एमजी विंडसर ईवी**

देहरादून। जेएसडब्ल्यू एमजी मो भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स ओलंपिक पदक विजेता ललित उ एमजी विंडसर की डिलीवरी देक किया। यह आयोजन भारत के खि उनकी खेल उपलब्धियों को सम्मा कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को इससे पहले, पिछले साल नवंबर एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, स पदक विजेता एथलीटों को अभ विंडसर ईवी प्रदान की गई थी। लगातार पांच महीनों से भारत की बिकने वाली ईवी रही है, ने भारत की समग्र वृद्धि में भी महत्वपूर्ण है। राकेश सेन, डायरेक्टर, सीईएम एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ललि राष्ट्रीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में गौरवान्वित किया हैं। उनकी प्रेरण के सम्मान है।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# नारायण नगर महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम कल से


संसू, जागरण • डीडीहाट: देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत नारायण नगर महाविद्यालय में 20 मार्च से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू होगा।

प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र-छात्राओं व स्थानीय युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी देते हुए स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रेमलता पंत ने बताया कि उद्यमिता के क्षेत्र में रुचि रखने वाले महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं और 18 से 45 आयु वर्ग के स्थानीय युवा 19 मार्च तक देवभूमि उद्यमिता योजना के पोर्टल पर अपना आनलाइन पंजीकरण कर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के विषय विशेषज्ञों की ओर से निश्शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)



### प्रियांशु, मनीषा, सुमन, रुचि व बबीता बनी विजेता

संस, जागरण • द्वाराहाट : राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। चार्ट, माडल, स्लोगन व गदभोज प्रतियोगिता में प्रियांशु आर्या, आदित्य

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# उद्यमिता में सफलता के सिखाए गुर

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी में देवभूमि उद्यमिता योजना-ईडीपी का 9 वां दिन उद्यम प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं को नए विचार और कौशल के गुर बताए गए।

प्राचार्य डॉ. अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में खटीमा के सीईओ अमर चन्द राजपूत द्वारा युवाओं को उद्यमिता में सफलता के लिए आवश्यक कौशल सिखाए गए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उद्यमी बनने के लिए विचार सृजन, क्षेत्रीय उत्पादों का बाजारीकरण, सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर, ब्यूटी पार्लर, और मार्केटिंग जैसे विविध गुणों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। राजपूत ने बताया कि प्रोडक्ट को बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन और मीशो के माध्यमों का उपयोग कैसे किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उद्यमिता का मतलब केवल बिजनेस शुरू करना नहीं होता, बल्कि यह अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने और बाजार में सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया है।



अपने हाथों से बनाई ऐपण सीईओ अमर चन्द राजपूत को भेंट करतीं छात्रा भागीरथी।

द्वितीय सत्र में संजय कुमार गंगवार ने सफल उद्यमियों की केस स्टडी पर प्रकाश डाला। उन्होंने किरण मजूमदार शॉ, ऋचा कर जिवामे, उपासना टाक, रितुकमार, मीना गणेश, राधिका घई और शहनाज हुसैन जैसे जाने-माने उद्यमियों के कार्य व्यवहार की चर्चा की।

छात्रा भागीरथी भट्ट ने अमर चन्द राजपूत को अपने हाथों से बनाई ऐपण भेंट की। समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. संजय कुमार, डॉ. रंजना सिंह, पुष्पा, डॉ. अतुल कुमार मिश्र, हरीश जोशी, दशरथ बोहरा, दिनेश रावत ने सहयोग किया।

# DUY- Media Coverage

## ENTREPRENEURSHIP DEVELOPMENT PROGRAM

Vol-2, (2024-25)

# छात्र-छात्राओं ने लगाई उत्पादों की प्रदर्शनी




बागेश्वर के दुगनाकुरी में उद्यमिता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने लगाए स्टॉल। संवाद

**बागेश्वर।** राजकीय महाविद्यालय दुगनाकुरी में आयोजित बारह दिनी उद्यमिता विकास कार्यक्रम समाप्त हो गया है। उद्यम पंजीकृत कराने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने उत्पाद और सेवाओं की प्रदर्शनी लगाई।

शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष भगवत सिंह भाकुनी और प्राचार्य प्रो. हरिओम प्रकाश ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथि भगवत सिंह ने विद्यार्थियों को देवभूमि उद्यमिता योजना की महत्ता बताई। उन्होंने नोडल अधिकारी डॉ. विवेक कुमार और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यार्थियों ने डेयरी, बुटीक, कुमाऊंनी डांस क्लास, पहाड़ी शुद्ध शहद आदि के स्टॉल लगाए। डॉ. विवेक ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करने को कहा। इस मौके पर सलाहकार दिनेश पांडेय, डॉ. प्रफुल्ल गुप्ता, दिव्या कटियार, मुकेश कुमार आर्य, ललित चौबे, ललित सिंह, कैलाश राम, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

## छात्र-छात्राओं ने जानीं उद्यम की बारीकियां

**कपकोट(बागेश्वर)।** महाविद्यालय में 12 दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण जारी है। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने उद्यम की बारीकियां सीखीं। शनिवार को प्रशिक्षक बीडीओ ख्याली राम ने विद्यार्थियों को लोकल-वोकल पर आधारित उद्यम को छोटे स्वरूप में शुरू कर भविष्य में अधिक लाभ प्राप्त करने का तरीका बताया। असों के वीडीओ संजय टम्टा ने ग्राम सभाओं में संचालित पोषित स्वरोजगार की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर पीएलवी ममता गढ़िया, नोडल अधिकारी मुन्ना जोशी, समन्वयक खष्टी कोरंगा आदि मौजूद रहे। संवाद